दीपिका का हॉट स्टाइल देख रणवीर हुए दीवाने, किए कॉमेंट्स

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



दीपिका पादुकोण अब भले ही रणवीर सिंह की पत्नी बन चुकी हैं, लेकिन ऐक्टर का इस अदाकारा के लिए फैन जैसा बर्ताव रखना जारी है। दीपिका के लेटेस्ट फोटो पर भी रणवीर ने ऐसा रिऐक्शन दिया है जैसे कोई क्रेजी फैन करता है। दरअसल, दीपिका ने रेडिश ऑरेंज ड्रेस में अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिनमें वह हमेशा की तरह ग्लैमरस और हॉट दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों को देख फैन्स तो इस अदाकारा पर लट्टू हो रही रहे हैं लेकिन उनके पति रणवीर भी उन पर किसी दीवाने की तरह फिदा होते दिखाई दिए। दीपिका के कैप्शन और फोटोज पर रणवीर का कॉमेंट दीपिका ने इन फोटोज को शेयर करते हुए लिखा था लाल- ऐसा कलर है जो लोगों की भूख बढ़ाता है। इस रंग को देख लोग आकर्षित, उत्तेजित, ऊर्जावान होते हैं और उनकी दिल की धड़कन बढ़ जाती है! ये सभी चीजें आज मेरे साथ हो रही हैं। इन फोटोज और कैप्शन पर रणवीर ने अलग-अलग रिऐक्शन दिया। एक फोटो पर उन्होंने दीपिका के ही अंदाज में लिखा हां और ये सब मेरे साथ अभी हो रहा है। वहीं दूसरे में उन्होंने रेड को अपना स्पिरिट कलर बताया और एक अन्य कॉमेंट में उन्होंने कलर को लेकर अपनी खुशी जाहिर की।

सलमान संग काम करके खुशी से फूली नहीं समा रहीं दिशा पाटनी

ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी इन दिनों खुशी से फूली नहीं समा रही हैं। आखिर उन्हें अच्छे और बड़े प्रॉजेक्ट्स के ऑफर जो मिल रहे हैं। कुछ वक्त पहले सलमान खान स्टारर भारत में नजर आईं दिशा अब सलमान के साथ राधे में भी काम कर रही हैं। दिशा सलमान के साथ काम करके काफी खुश हैं और उनकी तारीफ करते नहीं थक रहीं। हाल ही में सलमान के बारे में बात करते हुए दिशा ने कहा कि वह उन्हें इंस्पायर करते हैं। बकौल दिशा पाटनी, सलमान सर बहुत ही विनम्र और दयालु हैं। भले ही वह इंडिया के बड़े सुपरस्टार हैं, लेकिन उनकी आभा ऐसी है कि आपको उनके आसपास काफी सहज महसूस होता है। उनको काम करते देखना किसी इन्सपिरेशन से कम नहीं है। राधे की शूटिंग चंद दिन पहले ही शुरू हुई है और दिशा ने इसके मुहूर्त शॉट से एक फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था और अपनी खुशी जाहिर की थी। राधे साल २००९ में आई फिल्म वॉन्टेड का सीक्वल है। दोनों ही फिल्मों को प्रभुदेवा ने डायरेक्ट किया है। कुछ दिन पहले दबंग 3 के नए मोशन पोस्टर के साथ सलमान ने राधे की भी एक झलक पेश की थी, जिसे देख फैन्स क्रेजी हो गए और ट्विटर पर कॉमेंट्स की बाढ़ आ गई। दिशा और सलमान के प्रफेशनल फ्रंट की बात करें, तो सलमान की दबंग 3 इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने जा रही है। इसके अलावा वह बिग बॉस 13 और राधे में बिजी हैं। वहीं दिशा राधे के अलावा केटीना में नजर आएंगी।

सत्ते पे सत्ता के रीमेक में ग्लैमरस टीचर के रोल में नजर आएंगी अनुष्का शर्मा?

काफी दिनों से ऐसी चर्चा चल रही है कि फिल्ममेकर फराह खान सत्ते पे सत्ता का रीमेक बनाने जा रही हैं। फैंस भी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑरिजनल फिल्म में अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी लीड रोल में थे। कहा जा रहा है कि रीमेक में उनकी जगह रितिक रोशन और अनुष्का शर्मा लेंगे। इस बीच फिल्म में अनुष्का के कैरक्टर से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जहां ऑरिजनल फिल्म में हेमा मालिनी ने किरदार निभाया था, वहीं फराह ने रीमेक में लीड ऐक्ट्रेस का प्रफेशन चेंज कर दिया है। फिल्म में अनुष्का ग्लैमरस टीचर के रोल में होंगी। बता दें, अनुष्का के रोल के लिए फराह ने अपनी ही फिल्म मैं हूं ना से प्रेरणा ली है जिसमें सुष्मिता सेन ग्लैमरस टीचर मिस चांदनी के किरदार में दिखी थीं। हालांकि, इस बार साड़ी की जगह अनुष्का शॉर्ट जैकेट्स और समर ड्रेसेस में नजर आएंगी।